# विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के साथ मानदेय

जितेंद्र उपाध्याय • जागरण

- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आधुनिक लैब स्थापित
- बाजार की मांग के अनुरूप तकनीक से रूबरू होंगे छात्र

लखनऊ: राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। सैमसंग की ओर से चारबाग के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आधुनिक लैब की स्थापना की गई है। लैब में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को बाजार के मांग के अनुरूप तकनीक से रूबरू कराया जाएगा। आइटीआइ के दूसरे वर्ष के विद्यार्थी इसमें प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश परीक्षा के आधार पर उत्कृष्ट विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को नौकरी के अवसर भी दिए जाएंगे।

**प्रैक्टिकल को प्राथमिकता :** कंपनी की ओर से पढ़ाई के साथ ही प्रयोगशाला में बाजार की मांग के अनुरूप तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत प्रोजेक्टर के माध्यम पढ़ाई होगी। उत्कृष्ट युवाओं के बीच होने वाली परीक्षा में अव्वल एक युवा को 20 हजार और सभी युवतियों को 15 हजार मानदेय भी दिया जाएगा।

> डिजिटल इंडिया के तहत एक निजी मल्टीनेशनल कंपनी के साथ एमओयू हुआ है। इससे न केवल विद्यार्थियों को नई तकनीक की जानकारी दी जाएगी, बल्कि उनका मानसिक विकास भी होगा। नई तकनीक से उन्हें रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। साथ ही स्वरोजगार के प्रति उनकी रुचि भी बढ़ेगी। इलेक्ट्रानिक आरएसी व इलेक्ट्रिकल ट्रेड के विद्यार्थियों के लिए यह प्रशिक्षण काफी लाभकारी होगा।
>
> -चंद्रशेखर सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चारबाग

# अलीगंज आइटीआइ में रोजगार मेला आज

लालबाग स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मंगलवार को लगे रोजगार मेले में 98 युवाओं को नौकरी मिली तो उनके चेहरे खिल उठे। सुबह 10 बजे से शुरू हुए साक्षात्कार में 225 युवाओं ने हिस्सा लिया।

जिला सेवा योजन सहायता अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि 12 अगस्त को भी रोजगार मेला लगेगा। मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीकृत होकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण एवं अन्य किसी



असुविधा की स्थिति में टोल फ्री नंबर 155330 पर संपर्क कर सकते हैं। उधर, अलीगंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण में बुधवार को मारुति की ओर से आइटीआइ पास 500 युवाओं की भर्ती के लिए मेला लगेगा। प्लेसमेंट प्रभारी एमए खान ने बताया कि सुबह 10 बजे से रोजगार मेला शुरू होगा।